यूरो 2024

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

UEFA यूरोपीय चैंपियनशिप का 17वाँ संस्करण, जिसे यूरो 2024 के नाम से जाना जाता है , जर्मनी में आयोजित किया गया और स्पेन को चौथी बार चैंपियन का ताज पहनाया गया। इसके अतिरिक्त, **संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित कोपा अमेरिका का 48वाँ संस्करण अर्जेंटीना की जीत** के साथ संपन्न हुआ।

- UEFA यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन **यूनियन ऑफ यूरोपियन फुटबॉल एसोसिएशन (Union of European Football Associations- UEFA)** द्वारा किया जाता है, जो पुरुषों का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट है, **जो केवल यूरोपीय टीमों के लिये** है।
- वर्ष 1958 में स्थापित यह प्रतियोगिता वर्ष 1960 में शुरू हुई थी। यह टूर्नामेंट आमतौर पर **हर चार साल में** आयोजित किया जाता है, लेकिन यूरो 2020 को महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।
  - यह फीफा विश्व कप के बाद दुनिया भर में दूसरा सबसे ज़्यादा देखा जाने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट है।
- कोपा अमेरिका, जिसे अमेरिका कप के नाम से भी जाना जाता है, **दक्षिण अमेरिका की राष्ट्रीय टीमों के बीच** चतुष्कोणीय प्रारूप में खेला जाने वाला पुरुषों का **अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल (सॉकर) टूर्नामेंट** है।
  - यह **विश्व की सबसे पुरानी महाद्वीपीय फुटबॉल प्रतियोगिता है** , जिसका इतिहास वर्ष 1916 से है और इसे विश्व स्तर पर तीसरा सबसे ज़्यादा देखा जाने वाला फुटबॉल टूर्नामेंट माना जाता है।

और पढ़ें: फीफा विश्व कप कतर 2022

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/euro-2024